# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

**E-Mail Id-**eecdjnsonebhadra@gmail.com ***CUG Mobile No.-*** +91 9473941817


पत्रांक 974 / W-16 / 100 दिनांक– 25-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "11 महीने से सोलर वाटर पम्प खराब, ग्रामीणों में आक्रोश" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"11 महीने से सोलर वाटर पम्प खराब, ग्रामीणों में आक्रोश"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के सम्बन्ध में अगवत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योरपुर के ग्राम बलियारी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत झीलो बीजपुर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स जी0वी0पी0आर0 लि0 द्वारा कराया गया है। योजनान्तर्गत उक्त ग्राम में पाइप लाइन बिछाकर गृह संयोजन प्रदान करते हुये जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम में कुछ ग्रामीणों द्वारा गृह संयोजन लिये जाने से मना कर दिया गया है। उक्त ग्राम में इस खण्ड द्वारा सोलर वाटर पंप अधिष्ठापन का कार्य नही कराया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र में सम्पर्क किये जाने पर अवगत कराया गया है कि उक्त ग्राम में खराब सोलर वाटर पंप की मरम्मत आगामी 02 दिवस में करा दी जायेगी।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

# 11 महीने से सोलर वाटर पंप खराब, ग्रामीणों में आक्रोश

हिन्दुस्तान
ई- पेपर Coins
होम राज्य देश IPL 2026 लाइव स्कोर VOICE OF UP मनोरंजन बि
Newswrap हिन्दुस्तान, सोनभद्र Preferred

Sonbhadra News - म्योरपुर के बलियरी में जल निगम द्वारा स्थापित सोलर वाटर पंप पिछले 11 महीनों से खराब है। गर्मी में पेयजल संकट के चलते ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मरम्मत की मांग की। पंप खराब होने से 200 लोगों को पानी लाने में परेशानी हो रही है और कई दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

Story continues below advertisement



म्योरपुर। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बलियरी के दक्षिण टोला में वर्ष 2020-21 में जल निगम की तरफ से स्थापित सोलर वाटर पंप पिछले 11 महीनों से खराब पड़ा है। भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि सोलर वाटर पंप से करीब 50 परिवारों के लगभग 200 लोगों को पेयजल आपूर्ति होती थी, लेकिन पंप खराब होने के बाद लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। कई परिवार दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

Story continues below advertisement

**ये भी पढ़ें:** परेशानी : दो साल में बदहाल हुई जल जीवन मिशन योजना, एक माह से बंद पड़ी जलमीनार

ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की शिकायत कई बार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लगातार उपेक्षा से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र पंप की मरम्मत कराकर पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीण लालबहादुर, सुशील, मनीष कुमार, ईश्वर, बबलू, रविदास, राजकुमार, काजू, रामधनी, ममता, सुखलाल, रामदास, रामदेव, प्रदीप, राकेश, कुलदीप, उमा देवी, राजनारायण, करिश्मा, रीना कुमारी और चम्पा देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि शिकायत के बाद भी पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मिस्त्री भेजकर सोलर वाटर पंप की जांच कराई जाएगी और मरम्मत योग्य होने पर जल्द ठीक कर पेयजल आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।

## कृपया अपने अनुभव को रेट करें

लेखक के बारे में

**Hindustan**

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है। ...और पढ़ें

Sonbhadra Latest News Sonbhadra N

लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस न्यूज, टेक, ऑटो, करियर, और रा

**You May Like**

**Gaur Studio Apartment @ Yamuna Expressway**

Gaur Studio Apartments @ ₹77 Lacs* Coming Soon in Sector 19 Yamuna Expressway.

Gaurs Group Receive A Brochure